
# पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

पंजीकृत कार्यालय : ''ऊर्जानिधि'', 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001

वेबसाइट : http://www.pfcindia.com, सीआईएनः– एल65910डीएल1986जीओआई024862




## भाग I :- 31 दिसम्बर, 2014 को समाप्त तिमाही और नौ माह के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

(₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही | | | स्टैंडअलोन समाप्त नौ माह | | स्टैंडअलोन समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2014 (अनंकेक्षित) | 30.09.2014 (अनंकेक्षित) | 31.12.2013 (अनंकेक्षित) | 31.12.2014 (अनंकेक्षित) | 31.12.2013 (अनंकेक्षित) | 31.03.2014 (अंकेक्षित) |
| 1) | प्रचालनों से आय | | | | | | |
| | (क) प्रचालनों से आय | 6,34,674 | 6,21,981 | 5,34,086 | 18,44,690 | 15,47,996 | 20,97,871 |
| | (ख) अन्य प्रचालनगत आय | 8,791 | 8,489 | 19,966 | 21,084 | 41,010 | 54,371 |
| | प्रचालनों से कुल आय | 6,43,465 | 6,30,470 | 5,54,052 | 18,65,774 | 15,89,006 | 21,52,242 |
| 2) | व्यय | | | | | | |
| | (क) ब्याज, वित्त एवं अन्य प्रभार | 4,20,594 | 4,22,822 | 3,45,226 | 12,29,986 | 10,19,054 | 13,74,813 |
| | (ख) कर्मचारी लाभ व्यय | 2,003 | 2,296 | 2,076 | 6,378 | 6,314 | 7,956 |
| | (ग) मूल्यह्रास / परिशोधन | 146 | 156 | 124 | 449 | 371 | 493 |
| | (घ) अन्य व्यय | 5,799 | 3,488 | 1,816 | 12,478 | 7,732 | 14,653 |
| | कुल व्यय | 4,28,542 | 4,28,762 | 3,49,242 | 12,49,291 | 10,33,471 | 13,97,915 |
| 3) | अन्य आय और असाधारण मदों से पूर्व प्रचालनों से लाभ (1-2) | 2,14,923 | 2,01,708 | 2,04,810 | 6,16,483 | 5,55,535 | 7,54,327 |
| 4) | अन्य आय | 370 | 435 | 679 | 1,356 | 1,131 | 1,504 |
| 5) | असाधारण मदों से पूर्व सामान्य गतिविधियों से लाभ (3+4) | 2,15,293 | 2,02,143 | 2,05,489 | 6,17,839 | 5,56,666 | 7,55,831 |
| 6) | असाधारण मदें | – | – | – | – | – | – |
| 7) | कर पूर्व सामान्य गतिविधियों से लाभ (5+6) | 2,15,293 | 2,02,143 | 2,05,489 | 6,17,839 | 5,56,666 | 7,55,831 |
| 8) | करगत व्यय | 61,120 | 61,285 | 52,058 | 1,77,982 | 1,56,032 | 2,14,056 |
| | (क) आयकर का प्रावधान | 61,887 | 61,369 | 63,234 | 1,81,779 | 1,42,570 | 2,08,613 |
| | (ख) आस्थगित कर देयताएं / आस्थगित कर परिसम्पत्ति (-) | (767) | (84) | (11,176) | (3,797) | 13,462 | 5,443 |
| 9) | कर पश्चात् सामान्य गतिविधियों से निवल लाभ (7-8) | 1,54,173 | 1,40,858 | 1,53,431 | 4,39,857 | 4,00,634 | 5,41,775 |
| 10) | असाधारण मदें (करगत व्यय घटाकर निवल राशि) | – | – | – | – | – | – |
| 11) | अवधि में निवल लाभ (9-10) | 1,54,173 | 1,40,858 | 1,53,431 | 4,39,857 | 4,00,634 | 5,41,775 |
| 12) | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (शेयर का अंकित मूल्य ₹ 10 है) | 1,32,004 | 1,32,004 | 1,32,004 | 1,32,004 | 1,32,004 | 1,32,004 |
| 13) | संचित कोष, पुनर्मूल्यांकन संचित कोष को छोड़कर (31 मार्च के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र के अनुसार) | – | – | – | – | – | 26,05,457 |
| 14) | प्रति शेयर आय (ईपीएस) (₹ में) | | | | | | |
| | (क) मूल एवं डाइल्यूटिड ईपीएस (असाधारण मदों से पूर्व) | 11.68 | 10.67 | 11.62 | 33.32 | 30.35 | 41.04 |
| | (ख) मूल एवं डाइल्यूटिड ईपीएस (असाधारण मदों के बाद) | 11.68 | 10.67 | 11.62 | 33.32 | 30.35 | 41.04 |

## भाग II:- 31 दिसम्बर, 2014 को समाप्त तिमाही और नौ माह की चयनित सूचना

| ए | शेयरधारिता का विवरण | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सार्वजनिक शेयरधारिता : | | | | | | |
| | शेयरों की संख्या | 35,90,85,115 | 35,90,85,115 | 34,69,78,307 | 35,90,85,115 | 34,69,78,307 | 35,90,85,115 |
| | शेयरधारिता का प्रतिशत | 27.20% | 27.20% | 26.29% | 27.20% | 26.29% | 27.20% |
| 2 | प्रमोटरों की शेयरधारिता | | | | | | |
| | (क) गिरवी / भारग्रस्त | | | | | | |
| | शेयरों की संख्या | – | – | – | – | – | – |
| | शेयरों का प्रतिशत (प्रमोटर की कुल शेयरधारिता के % के रूप में) | – | – | – | – | – | – |
| | शेयरों का प्रतिशत (कंपनी की कुल शेयर पूंजी के % के रूप में) | – | – | – | – | – | – |
| | (ख) भार मुक्त | | | | | | |
| | शेयरों की संख्या | 96,09,55,589 | 96,09,55,589 | 97,30,61,665 | 96,09,55,589 | 97,30,61,665 | 96,09,55,589 |
| | शेयरों का प्रतिशत (प्रमोटर की कुल शेयरधारिता के % के रूप में) | 100% | 100% | 100% | 100% | 100% | 100% |
| | शेयरों का प्रतिशत (कंपनी की कुल शेयर पूंजी के % के रूप में) | 72.80% | 72.80% | 73.71% | 72.80% | 73.71% | 72.80% |

| बी | निवेशक की शिकायतें | | |
|---|---|---|---|
| | विवरण | इक्विटी शेयर | ऋण प्रतिभूतियाँ |
| | तिमाही के प्रारंभ से लंबित | 1 | 5 |
| | तिमाही के दौरान प्राप्त | 286 | 527 |
| | तिमाही के दौरान निपटान | 286 | 519 |
| | तिमाही के अंत तक निपटाई न गई | 1* | 13# |
| | | *लंबित | #जब से सुलझाई गई |

नोट :–

1. 31.12.2014 को समाप्त तिमाही और नौ माह के लिए उपरोक्त वित्तीय परिणामों की 10.02.2015 और 11.02.2015 को आयोजित बैठकों में निदेशकों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा और संस्तुति की गई और निदेशक मंडल द्वारा उन्हें अनुमोदित किया गया। कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा इनकी सीमित समीक्षा की गई।
2. कंपनी का मुख्य व्यवसाय विद्युत क्षेत्र के लिए वित्त प्रदान करना है। इस प्रकार, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी किए गए लेखांकन मानक 17–'खंड रिपोर्टिंग' के अनुरूप, रिपोर्ट करने योग्य कोई अन्य अलग सूचित करने योग्य खंड नहीं हैं।
3. कंपनी ने एएस–11 के पैरा 46ए के अंतर्गत 'विदेशी विनिमय दरों में परिवर्तन के प्रभावों' के विकल्प को दीर्घ अवधि विदेशी मुद्रा मौद्रिक मदों पर विनिमय अंतरों को उनकी ऋण अवधि में परिशोधन के लिए अपनाया है। इसके परिणामस्वरूप, 31.12.2014 को विदेशी मुद्रा मौद्रिक मद विनिमय अंतराल लेखा (एफसीएमआईटीडीए) में ₹54,609 लाख (31.03.2014 को ₹70,921 लाख) अग्रेनीत किए गए हैं जिन्हें एक लाइन मद के रूप मे, ''आरक्षित और आधिक्य'' हेड के अंतर्गत तुलन पत्र के ''इक्विटी और देयताओं'' पक्ष मे दर्शाया गया है।
4. कंपनी ने 12वीं योजना अवधि के लिए व्यय के आर–एपीडीआरपी नोडल एजेंसी शुल्क / प्रतिपूर्ति के संबंध में दिनांक 15.07.2013 के एमओपी संचार के माध्यम से व्यय विभाग (डीओई) ने मानदंडों को संशोधित करने के लिए विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार (जीओआई) को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

   पत्र दिनांक 26.12.2014 के अनुसार एक संशोधित प्रस्ताव विद्युत मंत्रालय को भेजा गया है जिसमें कंपनी नोडल एजेंसी शुल्क और वास्तविक व्यय की प्रतिपूर्ति दोनों का दावा नहीं करने पर सहमत है, पर विद्युत मंत्रालय के संचार दिनाक 15.07.2013 द्वारा व्यय विभाग (डीओई) द्वारा निर्देशित मानदंडों के साथ आर–एपीडीआरपी के तहत बारहवीं / तेरहवीं योजना के दौरान पीएफसी की अपनी श्रमशक्ति (केवल वेतन) / प्रशासनिक शुल्क को छोड़कर वास्तविक व्यय की प्रतिपूर्ति करने के लिए अपने दावों को प्रतिबंधित करने के लिए प्रस्तुत किया गया है।

   प्रस्ताव, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विचाराधीन है। नोडल एजेंसी शुल्क / व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए लेखांकन चौथी तिमाही वित्तीय वर्ष 2013–14 (01.04.2012 से प्रभावी) से विद्युत मंत्रालय के संचार दिनांक 15.07.2013 के द्वारा व्यय विभाग (डीओई) द्वारा निर्देशित माध्यम से किया गया है, प्रस्ताव को अंतिम रूप देने के लिए लंबित है, और उसी को जारी रखा जा रहा है।

   तदनुसार, 31.12.2014 को समाप्त नौ माह के दौरान नोडल एजेंसी शुल्क ₹562 लाख और 31.12.2014 को समाप्त मौजूदा तिमाही के दौरान नोडल एजेंसी शुल्क शून्य दर्ज किया गया। इसके अलावा, 31.12.2014 को समाप्त तिमाही और नौ माह के दौरान क्रमशः ₹357 लाख और ₹1077 लाख को आर–एपीडीआरपी के लिए व्यय आबंटन के खाते पर, अन्य व्ययों के लिए स्वीकार किया गया है।
5. एक सरकारी स्वामित्व वाली गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी होने के नाते कंपनी को विवेकपूर्ण मानदंड से संबंधित आरबीआई दिशानिर्देशों से छूट प्राप्त है। हालांकि, आरबीआई ने अपने पत्र दिनांक 25.07.2013 के अंतर्गत 31.03.2016 तक भारतीय रिजर्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंड का अनुपालन करने के लिए कदम उठाने के लिए कंपनी को निर्देश दिया है। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने पत्र दिनांक 03.04.2014 के अंतर्गत 31.03.2016 तक केन्द्रीय / राज्य सरकार संस्थाओं को लोगों तक पहुंचाने के संबंध में ऋण एकाग्रता मानदंडों से छूट की अनुमति दी है।

   पुनर्गठन / पुनर्नियोजन / पुनः वार्ता (आर / आर / आर) मानदंडों के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने पत्र दिनांक 03.04.2014 के तहत आरबीआई परिपत्र डीएनबीएस.सीओ.पीडी.सं. 367 / 03.10.01 / 2013–14 दिनांक 23.01.2014 में निहित निर्देशों का पालन करने की कंपनी को सलाह दी है। यह मामला आरबीआई के आर / आर / आर मानदंडों को लागू करने के बारे में भारतीय रिजर्व बैंक के साथ उठाया गया। इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के पत्र दिनांक 11.06.2014 के अनुसार, 31.03.2017 तक अर्थात 3 वर्ष की अवधि के लिए हिमालय क्षेत्र में जल विद्युत परियोजनाओं और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित ट्रांसमिशन और वितरण, नवीनीकरण और आधुनिकीकरण और जीवन विस्तार परियोजनाओं को इसके पुनर्गठन मानदंडों को लागू करने से छूट प्रदान की है। इसके अलावा, नई परियोजनाओं के लिए 01.04.2015 से प्रभावी पुनर्गठित उत्पादन कंपनियों को ऋण, प्रावधान आवश्यकता 5% होगी और सभी उत्पादक कंपनियों को 31.03.2015 को ऐसे बकाया ऋणों के लिए प्रावधान आवश्यकता 2.75% से प्रारम्भ होगी और 31.03.2018 तक 5% होगी। यह प्रावधान उचित मूल्य में कमी के लिए प्रावधान के अतिरिक्त है। कंपनी ने अपने पत्र दिनांक 03.07.2014 के तहत आरबीआई को कार्यान्वयन योजना भेजी है जिसे कंपनी के पत्र दिनांक 27.11.2014 द्वारा पुनः दोहराया गया है।

   तदनुसार, 30.09.2014 को समाप्त तिमाही के दौरान आर / आर / आर पर विवेकपूर्ण मानदंड से संबंधित लेखा नीति को संशोधित किया गया जिसमें अन्य बातों के साथ पुनर्गठन मानक परिसंपत्तियों पर 2.75% की दर से प्रावधान की आवश्यकता है। अतः 31.12.2014 को समाप्त तिमाही और नौ माह के दौरान योग्यता ऋणों पर आनुपातिक आधार पर क्रमशः ₹14,624 लाख और ₹36,155 लाख की राशि का प्रावधान किया गया है। 31.12.2014 को इन ऋणों में निजी क्षेत्र के ऋण ₹17,55,087 /– लाख और सरकारी क्षेत्र के ऋण – शून्य शामिल हैं। परिणामस्वरूप, 31.12.2014 को समाप्त तिमाही और नौ माह के लिए लाभ क्रमशः ₹14,624 लाख और ₹36,155 लाख रुपये से कम हो गया है।
6. कर व्यय में चालू वर्ष कर प्रावधान और पूर्व वर्षों के कर व्यय / समायोजन शामिल हैं।
7. 31.12.2014 को समाप्त तिमाही के लिए आंकड़े 30.09.2014 को समाप्त अर्ध वर्ष के लिए अनंकेक्षित आंकड़ों और 31.12.2014 को समाप्त नौ माह के लिए अनंकेक्षित आंकड़ों के बीच संतुलन आंकड़े हैं।
8. पूर्व अवधि के आंकड़ों को, तुलनीय बनाने के लिए, जहां आवश्यक हुआ, पुनः समूहित / पुनः व्यवस्थित किया गया है।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 11.02.2015

हस्ता. /–
(एम.के. गोयल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन–00239813